एक नजर में



बाबूलाल यादव दिवंगत

करनवास 17 जुलाई, सं. धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रहने वाले और सुंदरकांड समिति के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल यादव पटेल का निधन हो गया है. वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं. जिसमें उनका एक पुत्र और चार पुत्रियां शामिल हैं. श्री यादव अपने धार्मिक स्वभाव के लिए क्षेत्र में विशेष रूप से जाने जाते थे. सुंदरकांड के आयोजनों में उनके द्वारा गाए जाने वाले मधुर भजनों की क्षेत्र में काफी प्रशंसा होती थी और उन्होंने अपने भजनों से लोगों के दिलों में एक अमिट छाप छोड़ी थी. निधन के पश्चात उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमें समाज और क्षेत्र के सैकड़ो लोग उपस्थित हुए और उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी. श्मशान घाट पर उनके पुत्र लक्ष्मीनारायण यादव ने उन्हें मुखाग्नि दी. उनकी शव यात्रा में शिवनारायण यादव, जगदीश पटेल, भवन सिंह यादव, बने सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, परिजन और गणमान्य जन उपस्थित रहे.

20 से काली पट्टी बांधकर करेंगे काम डाक कर्मचारी

राजगढ़ 17 जुलाई, का. भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ ने विभाग की अस्मिता की रक्षा और कर्मचारियों के अधिकारों को लेकर देशव्यापी आंदोलन का ऐलान किया हैप्त इसके तहत मध्यप्रदेश परिमंडल के सभी डाक संभागों और रेल डाक सेवा कार्यालयों में 20 से 27 जुलाई तक कर्मचारी काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे. महासंघ ने सभी डाक कर्मचारियों से आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की अपील की है.

24 साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

सारंगपुर 17 जुलाई, सं. पुलिस द्वारा एसडीओपी अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी उनि राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में फरार स्थाई वारंटी की तलाश हेतु टीमों का गठन किया गया. गठित टीमों को थाने पर काफी समय से लंबित स्थायी वारंट,गिरप्तारी वारंट, जमानती वारंट,समंस, निगरानी बदमाश, गुण्डा सजायाफ्ता, जिला बदर एवं अन्य अपराधियों की धरपकड हेतु रवाना किया गया था. जिसमे 24 साल से प्रकरण क्रमांक 168/2002 धारा 4, 6 मध्यप्रदेश गौवंश वध अधिनियम मे फरार स्थाई वारंटी सलीम पिता शरीफ खान उम्र 42 साल निवासी वार्ड नं. 13 नयापुरा सारंगपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जो न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया.

भूमि बेचना है

नेशनल हाईवे नंबर 3 बायपास प्रज्ञा सागर शुजालपुर से बाईपास में मुआवजा मिलने के बाद 11 बीघा जमीन बेचना है. सरेड़ी पटवारी

सम्पर्क करें : 9424406947

बिल : 09 अगस्त

भावनाओं का समंदर, भक्ति ने लिया ज्वार, दर्शन को व्याकुल हुए लोग

ब्यावरा में अखिल ब्रम्हाण्ड नायक ने किया पहला भ्रमण

नगर में 17 जुलाई शुक्रवार की तारीख ऐतिहासिक बनी, पहली बार भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और दाऊ बलभद्र के साथ रथ पर निकले

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 17 जुलाई, का. नगर में शुक्रवार 17 जुलाई 2026 की तिथि ऐतिहासिक हो गई. अखिल ब्रम्हाण्ड नायक भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा पहली बार नगर भ्रमण पर निकले. भावनाओं के समंदर में भक्ति का ज्वार उमड़ पड़ा. लोग दर्शन को व्याकुल नजर आए. भव्य रथयात्रा शुक्रवार को श्रद्धा और उत्साह के माहौल में निकाली गई.

रथयात्रा में महिलाएं, युवा और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई. उमस भरे मौसम के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह पूरे समय बना रहा. चार घंटे तक चली यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान के भजनों पर झूमते रहे और धार्मिक वातावरण से पूरा शहर भक्तिमय हो उठा. मंदिर पहुंचने पर भगवान जगन्नाथ की महाआरती की गई. इसके बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसाद के रूप में जगन्नाथ महाप्रसाद (भात) वितरित किया गया. आयोजन समिति ने बताया कि राजगढ़ में लगातार छठे वर्ष यह रथयात्रा श्रद्धा और परंपरा के साथ आयोजित की गई, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए.

इस्कॉन ब्यावरा के तत्वावधान में मध्य प्रदेश इस्कॉन नामहट्ट विभाग के प्रमुख श्रीपाद केशव प्रभु की अगुवाई में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा शुक्रवार को दोपहर 12 बजे शुरू होगी. यह यात्रा गुना बायपास स्थित श्री खाटूश्याम मंदिर से प्रारंभ होकर एबी रोड, मुख्य बाजार, पीपल चौराहा और सुभाष चौक होते हुए श्री अंजनीलाल मंदिर पहुंची. रथयात्रा के दौरान पूरे मार्ग में हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन और जयघोष से भक्तिमय वातावरण नजर आया. समापन स्थल श्री अंजनीलाल मंदिर पर सामूहिक महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को भगवान जगन्नाथ का विशेष भात प्रसाद वितरित किया गया.

पुरी में होने की लालसा अपने शहर में पूरी हुई

महिलाओं और बच्चों ने बड़ी तादाद में अपनी प्रभावी उपस्थिति दिखाई. जहां-जहां सड़क, हाईवे और गलियों सहित बाजार से भगवान की रथयात्रा निकली लोग यहां वहां से जगह बनाकर, सड़क, बाजार तक गलियों से शॉर्टकट लेकर पहुंचे और दर्शन करने की लालसा को पूरा किया. भगवान की अलौलिक छवि, सुंदर प्रतिकृतियां और सुदर्शन चक्र हर किसी को उस क्षण अपने पुरी में होने का अहसास हुआ. लोगों ने कहा कि पुरी में जाने और वहां की अनुभूति की लालसा हमें अपने शहर में पूरी हो गई. लोगों ने दिल से आयोजनकर्ताओं, तैयारी में लगे लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया. भगवान की प्रतिमाएं और लोगों के दर्शन करने की होड़ ने शहर में एक अलग ही वातावरण निर्मित कर दिया. नीलांचल निवासी भगवान जगन्नाथ की प्रतिकृति को अपने बीच पाकर ब्यावरा वासी प्रफुल्लित हो गए.

निजी स्कूलों में सरकारी पुस्तकों की अनदेखी

निजी प्रकाशकों की महंगी किताबे बोझ बनीं

नवभारत न्यूज

जीरापुर 17 जुलाई, सं. नगर और आसपास के क्षेत्रों के अशासकीय विद्यालयों में शासन द्वारा निर्धारित शासकीय पुस्तकों के स्थान पर निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें संचालित किए जाने के आरोप सामने आ रहे हैं.

प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 1 से 5 तक कम से कम 4 शासकीय पुस्तकें और कक्षा 6 से 10 तक 6 शासकीय पुस्तकें संचालित करना अनिवार्य है. इसके साथ ही विद्यालयों को अपने यहां संचालित पुस्तकों की सूची निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करना भी आवश्यक है. लेकिन सूत्रों के अनुसार, कई अशासकीय विद्यालयों ने अब तक पोर्टल पर पुस्तकों की सूची साझा नहीं की है. वहीं अभिभावकों का आरोप है कि उन्हें विशेष दुकानों से निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है. जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है.

अभिभावकों का कहना है कि बाजार में उपलब्ध शासन द्वारा अनुशंसित पुस्तकों के बजाय निजी प्रकाशकों की पुस्तकें लगाई जा रही हैं. जिनकी कीमत सामान्य पुस्तकों की तुलना में काफी अधिक है.

शासन की गाईड लाइन का पालन करना अनिवार्य है अशासकीय विद्यालयों को नोटिस देकर सूचित करते हैं.
रामबाबू पाटीदार, बीईओ

कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर आवेदन प्रारम्भ

राजगढ़ 17 जुलाई, का. कृषि विभाग की पीडीएमसी प्रेशराइज्ड सिंचाई परियोजना अन्तर्गत स्प्रिंकलर सेट, मिनी स्प्रिंकलर एवं ड्रिप कृषि सिंचाई उपकरणो पर अनुदान प्राप्त करने हेतु ई कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर कृषक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे. प्राप्त आवेदनों में से लक्ष्यों के विरूद्ध ऑनलाइन लॉटरी सम्पादित की जाएगी. पंजीयन कराने हेतु किसान का फार्मर आई.डी., आधार कार्ड, जमीन सम्बंधित दस्तावेज से ऑन लाईन आवेदन किया जा सकता है.

पहाड़गढ़ के 81 गांवों में 26 टंकियों से पेयजल आपूर्ति बहाल

पार्वती नदी में जल प्रवाह बढ़ने से पहाड़गढ़ ग्रामीण नल-जल समूह योजना पुन : प्रारंभ

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 17 जुलाई, का. पार्वती नदी में पर्याप्त जल उपलब्ध होने के बाद पहाड़गढ़ ग्रामीण नल-जल समूह योजना का जल शोधन संयंत्र पुनः संचालित कर दिया गया है.

इसके साथ ही ब्यावरा विकासखंड के 81 गांवों में योजना के अंतर्गत स्थापित 26 उच्च स्तरीय जल टंकियों (ओएचटी) के माध्यम से नियमित पेयजल आपूर्ति प्रारंभ कर दी जाएगी. भीषण गर्मी के दौरान पार्वती नदी में जल स्तर कम होने के कारण जल शोधन संयंत्र का संचालन अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा था. वर्तमान में नदी में पर्याप्त जल प्रवाह होने से संयंत्र को पुनः चालू किया जा रहा है.

सभी आवश्यक तकनीकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं. योजना से जुड़े सभी 81 गांवों में चरणबद्ध एवं सुचारु पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी. नागरिकों से पेयजल का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा जल संरक्षण में सहयोग करने की अपील की है.

मॉर्निंग वॉक के दौरान अटैक, पूर्व पार्षद का निधन

ब्यावरा 17 जुलाई, का. भाजपा के पूर्व पार्षद मनोज राजपूत (45) का शुक्रवार सुबह हृदयाघात से निधन हो गया. मॉर्निंग वॉक के दौरान उनके सीने में अचानक दर्द उठा. साथ मौजूद लोग उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया. उनके आकस्मिक निधन से नगर में शोक की लहर है. जानकारी के अनुसार, मनोज राजपूत शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे अंजनीलाल मंदिर के आगे दोसा के बांध क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक पर गए थे. इसी दौरान उन्हें सीने में तेज दर्द महसूस हुआ. आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सक उन्हें बचा नहीं सके. काफी मिलनसार, सेवाभावी मनोज राजपूत ब्यावरा नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक-13 से पार्षद रह चुके थे. अपने मिलनसार स्वभाव के कारण वे सभी वर्गों में लोकप्रिय थे. जूना ब्यावरा स्थित हाथीखाना मोहल्ले से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई. स्थानीय लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की.

आदिवासी भील समाज की जिला बैठक आज

ब्यावरा 17 जुलाई, का. आदिवासी भील समाज, जिला राजगढ़ द्वारा आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के आयोजन की तैयारियों तथा समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श के लिए आज सुबह 11 बजे जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक अंजनीलाल मंदिर पर आयोजित की गई है. जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि बैठक में विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम की रूपरेखा, समाज की एकता एवं संगठन को मजबूत बनाने, युवाओं की सहभागिता बढ़ाने तथा समाज से जुड़े समसामयिक विषयों पर चर्चा की जाएगी. जिले के सभी समाजजनो से बैठक में उपस्थित होने का आव्हान किया है.

चलती बाइक बनी आग का गोला, युवक ने लगाई छलांग

पुलिस ने सूझबूझ से आग पर काबू पाया

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 17 जुलाई, सं. नगर के व्यस्त इलाके भल्ला कालोनी के सामने पुराने नेशनल हाइवे पर शुक्रवार दोपहर 12 बजे के लगभग चलती पल्सर मोटरसाइकिल में अचानक आग लग गई.

बाइक से धुआं उठते ही कुछ ही क्षणों में आग की लपटें निकलने लगी. चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत बाइक से छलांग लगा दी. जिससे उसकी जान बच गई. घटना के बाद पुराने हाइवे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई.

जानकारी के अनुसार, पल्सर बाइक (एमपी 70 एमई 0714) चला रहा शुभम नामक युवक बस स्टैंड स्थित शराब दुकान पर अपने एक रिश्तेदार से मिलने पहुंचा था. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाइक से पहले से पेट्रोल रिसाव हो रहा था. आशंका है कि शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी के संपर्क में आने से पेट्रोल ने आग पकड़ ली और पूरी बाइक आग की चपेट में आ गई.

घटना सारंगपुर थाना परिसर से करीब 200 मीटर दूर हुई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सबसे पहले लोगों को सुरक्षित दूरी पर हटाकर यातायात नियंत्रित किया.

प्रारंभिक प्रयास में अग्निशमन उपकरणों से आग बुझाने की कोशिश की गई. लेकिन आग अधिक होने पर सड़क के दूसरी ओर से पानी की पाइप बिछाकर आग पर काबू पाया गया.

गनीमत रही कि आग के दौरान बाइक का पेट्रोल टैंक नहीं फटा. यदि ऐसा होता तो भीड़भाड़ वाले बस स्टैंड क्षेत्र में बड़ा हादसा हो सकता था. पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वाहन से पेट्रोल रिसाव, धुआं या जलने की गंध महसूस होने पर उसे तुरंत बंद कर सुरक्षित स्थान पर ले जाएं और तत्काल पुलिस या फायर ब्रिगेड को सूचना दें.

अभियान मां रुद्रकाली आश्रम में पौधारोपण अभियान, जिपं सीईओ ने कहा केवल फोटोसेशन के लिए काम ना हो

फावड़े चलाकर पौधे और छायादार पेड़ बनाने का वादा किया

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 17 जुलाई, का. पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से शुक्रवार सुबह बोरदा गांव स्थित मां रुद्रकाली आश्रम परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले ने केवल औपचारिक रूप से पौधा लगाने के बजाय खुद पावड़ा उठाकर गड्ढा खोदा और पूर्व विधायक रघुनंद शर्मा समेत अन्य लोगों के साथ पौधारोपण किया.

बरगद, पीपल, नीम समेत लगाए 11 पौधे

आश्रम के संत सिद्धनाथ शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में बरगद, पीपल, नीम और आम सहित कुल 11 पौधे लगाए गए. पौधारोपण के बाद सभी ने पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें बड़ा करने का संकल्प भी लिया.

पौधे लगाना ही नहीं, उन्हें बचाना भी जरूरी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले ने कहा कि केवल पौधे लगाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण और देखभाल भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि जहां भी पौधारोपण हो, वहां पौधों की सुरक्षा और देखभाल भी हो.

उन्होंने बच्चों, युवाओं, सामाजिक संस्थाओं और आम नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि भविष्य में यही पेड़ सबसे अधिक ऑक्सीजन देंगे और पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभाएंगे.

सीईओ इच्छित गढ़पाले ने आश्रम परिसर में लोगों के बीच जमीन पर बैठकर अधिक से अधिक पौधे लगाने और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संदेश दिया. मां रुद्रकाली आश्रम में हर वर्ष बड़े स्तर पर पौधारोपण किया जाता है. वर्षों से लगातार किए जा रहे इस प्रयास का परिणाम है कि आज आश्रम परिसर चारों ओर से घने और हरे-भरे पेड़ों से आच्छादित हो चुका है.